SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, I would like to put a very important supplementary to this particular question.

श्री सभापति: बस, अब हो गया।

गंगा नदी का निजीकरण

*287. **श्री रमाशंकर कौशिक:** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने किसी विदेशी कंपनी के साथ गंगा नदी के निजीकरण के सौदे पर हस्ताक्षर किये हैं;

(ख) यदि हां, तो कंपनी का नाम क्या है और वह किस देश से संबंधित है तथा उक्त सौदे के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सौदे से संबंधित निबंधन और शर्तें क्या हैं और उक्त सौदे के परिणामस्वरूप देश को होने वाले अनुमानित लाभ/हानि का ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती विजया चक्रवर्ती): (क) जहां तक केन्द्र सरकार का संबंध है ऐसे किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

Privatisation of River Ganga

†*287. SHRI RAMA SHANKER KAUSHIK: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a deal has been signed by Government with a foreign company for the privatisation of the river Ganga;

(b) if so, the name of the company in the country in which it is based alongwith the details of the circumstances responsible for the said deal; and

(c) the terms and conditions of the deal and the details of the estimated profit/loss to the country as a result of the said deal?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY): (a) So far as Central Government is concerned no such deal has been signed.

(b) and (c) Do not arise.

---

†Original notice of the question was received in Hindi.

श्री रमा शंकर कौशिक: श्रीमन्, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि कृपया इनके उत्तर को आप देख लें। माननीय मंत्री महोदया ने जवाब दिया है कि जहां तक केंद्र सरकार का संबंध है, ऐसे किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से यह कहना चाहता हूं कि गंगा नदी चार राज्यों में से होकर गुज़रती है-उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल। मैं उनसे यह कहना चाहता हूं कि आपके उत्तर से तो यह ध्वनि निकलती है कि आपने हस्ताक्षर नहीं किए हैं, कहीं और यह हुआ है-तो क्या इनमें से किसी राज्य ने या किसी और संस्था ने इस प्रकार का कोई उपाय किया है कि किसी कंपनी के साथ कोई समझौता किया गया हो?

श्रीमती विजया चक्रवर्ती: सर, माननीय सदस्य को मैं यह बताना चाहती हूं कि जहां गंगा नदी बहती है, गंगा का अभी तक किसी स्टेट में प्राइवेटाइज़ेशन नहीं हुआ है। मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहती हूं कि According to Article 246 of the Constitution, we cannot make the water a private one. It is purely a State subject. And although केंद्र सरकार के हाथ में कुछ प्रबंधन है लेकिन अभी तक वह राज्य के ऊपर ही निर्भर है। जो गंगा नदी बहती है जैसे हरियाणा, उत्तर प्रदेश ...(*व्यवधान*)...

श्री रमा शंकर कौशिक: हरियाणा में नहीं बहती है। हरियाणा में गंगा नदी नहीं है। वह उत्तरांचल में है, बिहार में है, उत्तर प्रदेश में है और पश्चिम बंगाल में है।

श्रीमती विजया चक्रवर्ती: बिहार, उसके बाद वेस्ट बंगाल में होकर वह बे ऑफ बंगाल में जाती है। किसी राज्य में इसके प्राइवेटाइज़ेशन का कोई प्रबंध नहीं हुआ है।

श्री रमा शंकर कौशिक: मान्यवर, मंत्री महोदया के उत्तर से कोई स्पष्ट बात नहीं आई है लेकिन मैं मंत्री महोदया से यह जानना चाहता हूं कि क्या किसी फ्रांसीसी कंपनी के साथ कोई ऐसा समझौता हुआ है-चाहे निजीकरण वाला न हुआ हो-कि वह कंपनी गंगा के किनारे बसे शहरों को पानी सप्लाई करेगी और एवज़ में उसे गंगा नदी की सफाई करनी पड़ेगी?

श्रीमती विजया चक्रवर्ती: ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है लेकिन हां, हम लोग प्राइवेट कंपनी से फैसिलिटी ले सकते हैं-जैसे डैम बनाने का प्रबंधन है-कोई राज्य सरकार इसके लिए किसी कंपनी को लगा सकती है, यह बात अलग है लेकिन यह संभव नहीं है कि मिनिस्ट्री ऑफ वाटर रिसोर्सेज़ और गवर्नमेंट ऑफ इंडिया किसी कंपनी के साथ समझौता करके पूरा पानी किसी कंपनी को दे दें, ऐसी बात नहीं है। ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है।

श्री रमा शंकर कौशिक: मान्यवर, मेरा यह प्रश्न नहीं है। मेरा सप्लीमेंटरी प्रश्न यह नहीं था कि निजीकरण का मामला है। मेरा प्रश्न यह था कि क्या किसी फ्रांसीसी कंपनी से कोई ऐसा समझौता

हुआ है जिसके तहत वह कंपनी गंगा के किनारे बसे शहरों में पानी की सप्लाई करेगी और एवज़ में वह गंगा की सफाई करेगी?

श्री सभापति: इन्होंने मना कर दिया है।

श्रीमती विजया चक्रवर्ती: सर, मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहती हूं कि ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है। There is no such *Prabandhan*. ...(*Interruptions*)... कोई नहीं है।

श्री सभापति: ठीक है।

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Sir, the sense is very clear. ...(*Interrutpions*)... The sense is very clear and now, enough is enough. I would like to have an assurance from the hon. Minister, if not from the Leader of the House. It is a very serious issue that Ganga is being privatised. Why can't a categorical statement come from the Government that there is no intention of the Government, in whatever way, or through whatever means, to privatise Ganga? Can you not say that also? ...(*Interruptions*)... Are you following a middle path here also? ...(*Interruptions*)... I am asking the Leader of the House. Are you follwoing a middle path here also? ...(*Interruptions*)... Are you following a middle path. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Sir, I want to say that there is no provision to privatise Ganga in any way. This is my categorical statement, which you can accept. ...(*Interruptions*)...

श्री सभापति: उन्होंने मना कर दिया है।

Expansion of AI's Network to Attract NRIs

*288. SHRI NANDI YELLAIAH:
DR. T. SUBBARAMI REDDY:††

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Air India is acquiring several medium capacity, long range aircraft with the aim of operating more frequent flights with fewer passengers;

(b) if so, whether it has plans to expand its services to woo NRIs;

---

††The question was actually asked on the floor of the House by Dr. T. Subbarami Reddy.